# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


10 टेट अनिवार्यता के खिलाफ हुंकार जिले से सैकड़ों शिक्षक...





11 अब छटने लगा लाल आतंक का अंधियारा






## खबर संक्षेप

### नाबार्ड ने ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय जागरुकता बढ़ाने दी साक्षरता वैन

**दंतेवाड़ा।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, आंवराभाठा को वित्तीय साक्षरता वैन प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर हमारे छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के कॉर्पोरेट ऑफिस रायपुर से विजय वसंत रायकवाड क्षेत्रीय प्रबंधक मोहित सिंगल सर, लीड बैंक मैनेजर सुरेन्द्र कुमार काकड़े, बैंक मैनेजर मनोज कुमार, बीपीएम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन धर्मेंद्र ठाकुर सहित बैंक के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि इस वित्तीय साक्षरता वैन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को बैंकिंग सेवाओं, बचत, ऋण, बीमा एवं डिजिटल भुगतान के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### आवास योजना से साकार हुआ सुरक्षित जीवन का सपना

**बीजापुर।** जिले के ग्राम पंचायत गंगालूर, जनपद पंचायत बीजापुर के निवासी बुधु हेमला के जीवन में अब नई उम्मीद और स्थिरता का संचार हुआ है। वर्ष 2012-13 में सलवा जुडूम से जुड़े रहने और क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के प्रयासों के कारण वे नक्सलियों के निशाने पर आ गए थे। लगातार चेतावनियों के बावजूद सामाजिक जागरूकता का कार्य जारी रखने पर नक्सलियों द्वारा उनका पीछा किया गया और गोलीबारी में वे हाथ में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद उनका जीवन लंबे समय तक असुरक्षा और कठिन परिस्थितियों में बीता। ऐसी विषम परिस्थितियों को देखते हुए प्रशासन द्वारा संवेदनशील पहल करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में विशेष परियोजना के तहत उन्हें पक्का आवास स्वीकृत किया गया।

### अधिकारी-कर्मचारियों की विभागीय परीक्षा 3 अगस्त से

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के अंतर्गत कार्यरत शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आगामी 3 अगस्त से विभागीय परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। राज्य शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुपालन में स्पष्ट किया गया है कि आगामी विभागीय परीक्षाएं 3 अगस्त से प्रारंभ होकर 10 अगस्त तक संचालित की जाएंगी। कमिश्नर डोमन सिंह द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार वर्ष 2026 की विभागीय परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इस संबंध में संभाग के सातों जिलों बस्तर, कांकेर, दन्तेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा और कोण्डागांव के कलेक्टरों को विधिवत सूचना भेज दी गई है ताकि स्थानीय स्तर पर सभी विभागों में इसकी जानकारी समय पर पहुँच सके। इन परीक्षाओं में सम्मिलित होने के इच्छुक पात्र अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# जलभराव से राहत के लिए नाला, पुलिया और सड़क निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण सिंहदेव बुधवार को शहर में अधोसंरचना विकास को नई गति देते हुए बुधवार को विभिन्न महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई। उन्होंने 15वें वित्त मद के तहत 2 करोड़ 13 लाख रुपए से अधिक की लागत से आरसीसी नाला,पुलिया,सीसी सड़क और स्ट्रीट लाइटिंग जैसे कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों का मुख्य उद्देश्य शहर में लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान और यातायात सुविधा को बेहतर बनाना है। इन कार्यों में निर्धारित कार्यों के अंतर्गत महारानी वार्ड में बंगीय समाज भवन से शहीद पार्क पुलिया तक आरसीसी नाला निर्माण (45.75 लाख रुपए),हिंगलाजिन मंदिर से चांदनी चौक तक नाला निर्माण (38.83 लाख रुपए), चांदनी चौक से कोर्ट चौक तक स्ट्रीट लाइटिंग (49.99 लाख रुपए),दलपत सागर, लोकमान्य तिलक और गुरु गोविंद सिंह वार्ड में नाला निर्माण (26.99 लाख रुपए) तथा कुशाभाऊ ठाकरे,लोकमान्य तिलक और चंद्रशेखर आजाद वार्ड में सीसी सड़क व नाला निर्माण (52.07 लाख रुपए) शामिल हैं।

कार्यक्रम में संबोधन के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक देव ने कहा कि शहर को जलभराव से मुक्त करने के लिए चरणबद्ध तरीके से नाला और पुलिया निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। यह केवल निर्माण ▶▶| शेष पेज 10 पर

## जगदलपुर को 2.13 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

### विकास की रफ्तार को मिलेगी गति

शहर में शुरू किए गए इन कार्यों से जलभराव जैसी पुरानी समस्याओं के समाधान की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। नालों और पुलियों के निर्माण से जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी, वहीं सीसी सड़कों और स्ट्रीट लाइटिंग से यातायात और सुरक्षा दोनों में सुधार आएगा। लंबे समय से जिन वार्डों में आधारभूत सुविधाओं की कमी महसूस की जा रही थी, वहां अब योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों का विस्तार किया जा रहा है। यह पहल न केवल शहरी व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर में भी प्रत्यक्ष सुधार लाने में सहायक साबित होगी।



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक समेत निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही,सुरेश गुप्ता, योगेन्द्र पांडे, संजय विश्वकर्मा, लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रंधारी, पार्षद पितामह नायक, आलोक अवस्थी, नरसिंह राव, पूनम सिन्हा,राधिका यादव,बंसती समरथ,आशा साहू, महामंत्री परेश बसेरा,मंडल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिलाष यादव,रोशन झा, आशुतोष पाल,आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा,कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी,पदाधिकारी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## बीजापुर के उसूर थाने के 3 गांवों तक पहुंचेगी विकास का रोशनी

# जिला मुख्यालय से सौ किमी दूर, धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र को पगडंडी से छुटकारा दिलाने 8 करोड़ की सड़क

महेन्द्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर

नक्सलवाद के खात्मे की डेडलाइन खत्म होने के बाद बस्तर में विकास कितनी बड़ी चुनौती है, यह इस बात से समझ सकते हैं । उसूर ब्लाक के 3 गांवों को जोड़ने के लिए सड़क बन रही है, हालांकि यह सिर्फ साढ़े 3 किलोमीटर लंबी है, लेकिन इन गांवों की जिला मुख्यालय बीजापुर से दूरी लगभग सौ किलोमीटर है। दरअसल यह इलाका उसूर ब्लाक में तो है ही, थाना भी उसूर है, जहां कर्रेगुट्टा पहाड़ी है। बता दें कि यही पहाड़ी नक्सलियों का सबसे बड़ा सुरक्षित ठिकाना था।

हालत ये है कि जिला मुख्यालय बीजापुर से 100 किमी दूर घोर नक्सल प्रभावित पामेड़, उसूर सहित तीन ब्लाकों में सड़क ही नहीं है। कई गांव तक पहुंचने के लिए केवल पगडंडी ही सहारा थी। बरसात में इससे भी आना- जाना बंद हो जाता था। नक्सली का गढ़ रही कर्रेगुट्टा पहाड़ी के आसपास रास्ते ही नहीं थे। इन्हीं से सर्वाधिक नक्सल प्रभावित 3 गांव में पहुंचने के लिए केवल पगडंडी ही सहारा थी, वहां साढ़े तीन किमी सड़क 8 करोड़ से बनाई जा रही है। इस साल बरसात इन गांववालों के लिए राहतभरी होगी। अब मुख्यालय से इनका संबंध नहीं कटेगा, सालभर आवागमन होगा। क्षेत्र के में गलगम से करेकुट्टा तक पहली बार पक्की सड़क का बनाई जा रही है। नक्सल मुक्त होते ही विकास की नई इबारत लिखते हुए बीजापुर जिले के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में गलगम से करेकुट्टा तक पहली बार पक्की सड़क का निर्माण किया जा रहा है। यह क्षेत्र कभी नक्सलियों का अभेद्य गढ़ माना जाता था, लेकिन अब सुरक्षा बलों की सघन कार्रवाई के बाद यहां शांति स्थापित हो रही है और विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इस सड़क के बनने से वर्षों से दुर्गम रास्तों और नक्सलियों के खौफ में जी रहे 3 से अधिक गांवों के ग्रामीणों को मुख्यधारा से जुड़ने का मौका मिलेगा। गलगम-करेकुट्टा क्षेत्र में सड़क के साथ ही कई नालों पर पुल का निर्माण भी किया जा रहा है, जिससे बारहमासी कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो सकेगी। विकास और वहां के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार संवेदनशील और प्रतिबद्ध है, जिससे ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों तक बेहतर आवागमन की सुविधा तय की जा सके। ग्रामीणों एवं सुरक्षा बलों की सुविधा के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से गलगम-करेकुटटा गांव तक साढ़े तीन किमी 8 करोड़ रूपए की लागत से सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा, जो बारिश से पहले पूरा हो जाएगा। इससे गलगम, करेकुटटा, कोत्तापल्ली गांव के ग्रामीणों को आवागमन के लिए पगडंडी से छुटकारा मिलेगा।



### विकास की गति होगी तेज

बताया जा रहा है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार तक पहुंच आसान होगी और विकास की गति तेज होगी। सड़क नेटवर्क से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि प्रशासनिक पहुंच भी मजबूत होगी।

### बारिश से पूर्व निर्माण कार्य पूरा करेंगे

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता एमएल उरांव ने बताया कि गलगम-करेकुटटा गांव तक साढ़े तीन किमी सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे ठेकेदार को निर्देश दिया कि बारिश से पहले ही सड़क का निर्माण कार्य पूरा करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### पगडंडियों का सहारा लेने को मजबूर रहे

ग्राम गलगम के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के बजाय कच्ची पगडंडियों का सहारा लेने को मजबूर रहे। सड़क न होने के कारण विकास कार्य बाधित हो रहे हैं और ग्रामीण आवागमन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अब सड़क निर्माण कार्य होने से राहत मिलेगी।





# पत्नी को नहीं भेजा तो युवक चढ़ा टावर पर

**हाईवोल्टेज ड्रामा : सड़क पर घंटों लगा जाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कोण्डागांव से जगदलपुर मायके आई पत्नी के साथ नहीं चलने से नाराज पति मोबाइल टॉवर में चढ़ गया। टावर से पत्नी को साथ भेजने के लिए कहता रहा। इस दौरान दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। काफी समझाइश के बाद युवक टॉवर से नीचे आने के लिए तैयार हुआ। जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह बोधघाट थाना क्षेत्र के धरमपुरा मार्ग में विशाल मेगामार्ट के करीब स्थित मोबाइल टॉवर में चढ़े युवक के हाई वोल्टेज ड्रामा से सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। कोण्डागांव निवासी दीपक विश्वकर्मा नामक युवक टॉवर पर चढ़ गया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। युवक अपनी पत्नी को ससुराल पक्ष द्वारा नहीं ले जाने देने से नाराज था। इसी के विरोध में टॉवर पर चढ़कर हाई वोल्टेज ड्रामा कर रहा था। इसकी खबर लगते ही एसडीआरएफ, बोधघाट व कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। युवक को लगातार समझाइश देकर नीचे उतरने की अपील करती रही। इस घटना के चलते धरमपुरा मुख्य मार्ग पर लोगों की भीड़ जमा हो गई है, जिससे लंबा जाम लग गया। बोधघाट टीआई तामेश्वर चौहान ने बताया कि युवक पारिवारिक कारणों से तनाव में था जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। घटना से मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस और स्थानीय प्रशासन स्थिति को नियंत्रित करने में लगभग दो घंटे तक जुटे रहे। बताया जा रहा है कि दिलीप विश्वकर्मा मूलतः भोपाल का रहने वाला है और पेशे से कारपेंटर है। वर्तमान में वह कोंडागांव जिले में रह रहा था। पत्नी का मायका ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ 2 घंटे की समझाइश के बाद नीचे आया

### दो घंटे की मशक्कत के बाद उतरा

पुलिस ने करीब दो घंटे तक युवक को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस और स्थानीय लोगों ने उसे शांत रहने और नीचे उतरने के लिए लगातार अपील करते रहे। आखिरकार काफी मशक्कत और समझाइश के बाद युवक टावर से नीचे उतरने को तैयार हो गया। टॉवर से उतरने के बाद उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। पुलिस पति-पत्नी के बीच हुए विवाद को सुलझाने का प्रयास भी शुरू कर दी है।

शिक्षा के नाम पर 'लूट तंत्र' के खिलाफ एनएसयूआई ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# मनमानी फीस, किताब माफिया और अवैध वसूली पर हल्लाबोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जिले में शिक्षा के बढ़ते व्यावसायीकरण, निजी स्कूलों की मनमानी और अभिभावकों के आर्थिक शोषण के खिलाफ एनएसयूआई ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि निजी विद्यालय 'सयुंक्त शुल्क सहित विभिन्न छिपे शुल्कों के नाम पर अभिभावकों से भारी वसूली कर रहे हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि स्कूल प्रबंधन और चुनिंदा पुस्तक विक्रेताओं के गठजोड़ से किताबों में एकाधिकार स्थापित कर दिया गया है। हर वर्ष नए संस्करण लागू कर पुराने पुस्तकों को अनुपयोगी बना दिया जाता है, जिससे मध्यम और गरीब वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। एनएसयूआई ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता जताई है। ज्ञापन में बताया गया कि स्कूली वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा है, जो सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन है और दुर्घटना का बड़ा खतरा पैदा करता है। इसके अलावा, बिना मान्यता के संचालित हो रहे प्ले स्कूलों ▶▶| शेष पेज 10 पर

# 7 चट्टा अवैध लकड़ी बरामद

**जगदलपुर।** वन परिक्षेत्र करपावंड के अंतर्गत ग्राम गारेंगा के बाजार चौक पर वन विभाग की टीम ने मंगलवार को वाहन चेकिंग के दौरान टाटा 1109 वाहन क्रमांक सीजी 27-जी 0144 को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसमें महुआ एवं आम के जलाऊ मिश्रित 7 चट्टा अवैध रूप से परिवहन करते पाए गए। वाहन चालक भवानी प्रसाद सूर्यवंशी निवासी देउरबाल मौके पर वनोपज परिवहन से संबंधित कोई भी वैध अनुज्ञा पत्र या दस्तावेज प्रस्तुत करने में पूरी तरह असफल रहा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर परिसर रक्षक तुलेश बघेल द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए लकड़ी के सातों चट्टे और वाहन को भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं छत्तीसगढ़ अभिवहन ▶▶| शेष पेज 10 पर






गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और

कमाएं

₹ 10,000

प्रति माह

योग्यता- 12वीं से स्नातक

मात्र 6 घंटे का आसान काम और फिर आराम ही आराम

ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।

स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

मोबाइल- 9131893124, 8817958580



WE ARE HIRING

Job Opening

CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post

Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :

- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :

- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur


# कुत्तों का स्कूली बच्चों पर हमला रोज दहशत में गुजर रही सुबह-शाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर



बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में आवारा श्वानों का आतंक अब जनसुरक्षा का गंभीर प्रश्न बन चुका है। शहर की सड़कों, कॉलोनियों और स्कूल मार्गों पर झुंड के झुंड घूमते श्वान राहगीरों पर हमला कर रहे हैं। सबसे अधिक खतरे में छोटे बच्चे हैं, जो स्कूल आते-जाते भय के साये में जी रहे हैं। कई मामलों में बच्चों की स्थिति गंभीर हुई और उन्हें शहर से बाहर बड़े अस्पतालों में रेफर करना पड़ा। देशभर में बढ़ती घटनाओं के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को आवारा श्वानों के नियंत्रण के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने और इनके बधियाकरण अनिवार्य करने के निर्देश दिए थे। वही आवारा श्वान के ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ निगम सोया, शहर रोया आवारा श्वानों के आतंक पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश भी बेअसर

### कालीपुर में बनेगा शेल्टर हॉउस

नगर निगम कालीपुर में शेल्टर हाउस निर्माण के लिए 25 लाख रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। राशि स्वीकृत होते ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा तथा बधियाकरण के लिए टेंडर जारी करने की तैयारी है।

- लक्ष्मण झा, सभापति,स्वच्छता एवं स्वास्थ्य ननि

### बधियाकरण के लिए शासन को भेजा गया प्रस्ताव

नगर निगम क्षेत्र के सभी 48 वार्ड में विचरने वाले आवारा श्वानों का शीघ्र ही बधियाकरण किया जाएगा। शासन को प्रपोजल भेजा गया है,स्वीकृति मिलते ही कार्ययोजना पर काम शुरू किया जाएगा। टेंडर के जरिये बाहर के एक एनजीओ को बधियाकरण का काम सौपा गया है। शासन स्तर से जैसे ही राशि जारी होगी बधियाकरण कार्य प्रारम्भ किया जाएगा।

- प्रवीर वर्मा, आयुक्त ननि

## खबर संक्षेप



### गौतम कृषि केंद्र बफना पर उर्वरक क्रय–विक्रय पर रोक

**कोण्डागांव।** कृषि विभाग द्वारा उड़नदस्ता टीम लगातार निरीक्षण कर रही है, ताकि किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक और बीज उपलब्ध हो सके। मेसर्स गौतम कृषि केंद्र ग्राम बफना में निरीक्षण के दौरान यूरिया उर्वरक के भौतिक सत्यापन में पीओएस मशीन के रिकॉर्ड और किसानों को दिए गए उर्वरक में अंतर पाया गया। जांच में स्टॉक रजिस्टर, विक्रय दर बोर्ड का अभाव तथा किसानों को बिल नहीं देने जैसी अनियमितताएं सामने आईं। इन अनियमितताओं के चलते मेसर्स गौतम कृषि केंद्र, ग्राम बफना पर 21 दिनों के लिए उर्वरक क्रय–विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। कृषि विभाग द्वारा मामले की जांच जारी है और किसानों के हितों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं और मांगें सुनीं। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ग्राम सलना डूमरापारा के ग्रामीणों ने प्राथमिक शाला के खेल मैदान पर अतिक्रमण की शिकायत की, जिस पर एसडीएम केशकाल को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्राम निलजी के कुंवरलाल बघेल ने प्री–मैट्रिक बालक छात्रवास खोलने की मांग रखी, जिस पर आदिवासी विकास विभाग को निर्देशित किया गया। ग्राम अदनार, लेमड़ी और काटागांव के ग्रामीणों ने वन अधिकार पत्र एवं बंटवारे से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

# बंजारा समाज ने मरीजों का जाना हाल-चाल, बांटे फल

**विश्व बंजारा दिवस पर पेश की मानवता की मिसाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विश्व बंजारा दिवस के अवसर पर ब्लॉक के बंजारा समाज द्वारा सेवा और संवेदना का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बुधवार को समाज के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें फल वितरित किए।

कार्यक्रम की शुरुआत समाज की आराध्य देवी मेरामां याड़ी एवं धर्म गुरु संत सेवालाल महाराज के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात समाज के सदस्य अस्पताल पहुंचे, जहां मरीजों को फल बांटकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि विश्व बंजारा दिवस समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं, भाषा और इतिहास को संजोने और प्रचारित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस दिवस का उद्देश्य समाज की एकता, स्वाभिमान, संघर्ष और संस्कृति का सम्मान करना है। उल्लेखनीय है कि यह दिवस 8 अप्रैल 1981 को जर्मनी में आयोजित रोमा, जिप्सी और बंजारा समाज की ऐतिहासिक बैठक की स्मृति में मनाया जाता है। बंजारा समाज आज भारत सहित विश्व के अनेक देशों में अपनी विशिष्ट पहचान के साथ निवास कर रहा है।





**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में समाज के बसंत चौहान, जग्गू भारद्वाज, राजकुमार भारद्वाज, भुनेश्वर,हेमराज भारद्वाज, रामकुमार भारद्वाज, भरत भारद्वाज, कमल चौहान , ललिता भारद्वाज, सुमित्रा, हीरा , कैशिल्या, अन्नू , वैभव भारद्वाज उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर सेवा भाव के इस कार्य को सफल बनाया।

## रामलीला मैदान दिल्ली में शिक्षकों का महासैलाब

# टेट अनिवार्यता के खिलाफ हुंकार जिले से सैकड़ों शिक्षक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित आंदोलन में देशभर से आए शिक्षकों का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस ऐतिहासिक प्रदर्शन में कोंडागांव सहित छत्तीसगढ़ से हजारों शिक्षकों ने भाग लेकर अपनी मजबूत एकजुटता का परिचय दिया। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर आयोजित इस आंदोलन में देश के विभिन्न राज्यों से शिक्षक शामिल हुए। बड़ी संख्या में उपस्थित शिक्षकों ने स्पष्ट कर दिया कि टेट अनिवार्यता के खिलाफ अब निर्णायक संघर्ष होगा। प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ से हजारों शिक्षक दिल्ली पहुंचे। कोंडागांव जिले से भी सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। टीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्रा शर्मा ने कहा टेट अनिवार्यता लाखों शिक्षकों के भविष्य के साथ अन्याय है, इसे तुरंत वापस लिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।



**ये हुए शामिल**

इस आंदोलन में कोंडागांव जिले से मदन राठौर, जयलाल पोयाम, रामू राम सिन्हा, मोहरधन ध्रुव, रामदेव कौशिक, उपेंद्र सिंह, रमेश कोर्राम, शुभाष पोयाम, भगत राम नाग, गोविंद राम सोरी, धरम नायक, डमरू मरकाम, भरत नागवंशी, सुंदर लाल बघेल सहित सैकड़ों शिक्षक शामिल रहे।

**सांसद ने दिया समाधान का भरोसा**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि वे इस मुद्दे को प्रधानमंत्री तक पहुंचाएंगे, शिक्षकों के अधिकारों के लिए हर स्तर पर आवाज उठाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने कहा छत्तीसगढ़ के शिक्षक अपने अधिकारों की लड़ाई में पीछे हटने वाले नहीं हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से एकजुट रहकर आंदोलन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।




## मेले से लौटने के दौरान हादसा

# बारदा पुल पर अज्ञात बाइक की टक्कर से युवक गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

■ प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर

ब्लॉक के ग्राम बारदा पुल में मंगलवार की शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम बारदा निवासी सुकालू राम नेताम गोड़मा मेला से अपने घर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में सुकालू नेताम को गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद परिजनों द्वारा उन्हें तत्काल फरसगांव अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने के चलते रात करीब 9 बजे उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद अज्ञात बाइक सवार मौके से फरार हो गया। मामले की जानकारी संबंधित थाना को दी गई है, जिसके बाद पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अनाचार का आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

युवती को शादी का झांसा देकर अनाचार करने वाले शिक्षक को पुलिस ने रिपोर्ट होने के बाद कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता की उच्चता माध्यमिक शाला तुर्की थाना धनोरा के शिक्षक हिमांशु मेश्राम के साथ जान पहचान 7 जनवरी 2025 को हुई थी। पीड़िता को हिमांशु द्वारा धनोरा फोन के माध्यम से मिलने बुलाया और कहा कि, तुमसे प्यार करता हूं। तुमसे ही शादी करूंगा कहकर उसे किराये के मकान धनोरा में लेकर अनाचार किया। शिक्षक द्वारा शादी करने से इंकार करने पर पीड़िता द्वारा आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध दर्ज कराया गया। आला अफसरों ने थाना प्रभारी धनोरा भुनेश्वर नाग के नेतृत्व में दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पकड़ने हेतु टीम गठित की गई। टीम ने आरोपी के पते पर पहुंचकर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। अपराध घटित करना कबूल करने पर आरोपी हिमांशु मेश्राम उम्र 28 वर्ष निवासी थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव हाल निवास थाना धनोरा को गिरफ्तार कर लिया गया। संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी के अलावा सहायक उप निरीक्षक किशोर प्रजापति,प्र.आर. सुखबती सलाम,कचरू नेताम, आर. हृदय बघेल, विजय मरकाम, धन सिंह नेताम, जागेश्वर नाग का योगदान रहा।

# भूमिहीन आदिवासियों को खेती के लिए भूमि देने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



बस्तर अंचल में एक बार फिर भूदान आंदोलन की नई चेतना जागृत होती नजर आ रही है। प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने अपनी भूमि को ट्रस्ट में देकर भूमिहीन आदिवासी परिवारों को खेती हेतु उपलब्ध कराने का ऐतिहासिक संकल्प लिया।है। यह घोषणा उस समय हुई जब पांच राज्यों की भूदान स्मृति विचार एवं सद्भावना यात्र कोंडागांव पहुंची। यहां विचार मंथन के साथ कृषि मॉडल का अवलोकन किया गया। 35 हजार किमी यात्रा कर चुके विशेषज्ञों ने कोंडागांव मॉडल को अद्वितीय बताया। डॉ. त्रिपाठी ने अपने 30 वर्षों के अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रस्तावित भूमि ट्रस्ट के माध्यम से भूमिहीन आदिवासियों को खेती के लिए जमीन दी जाएगी। इस भूमि पर जैविक खेती, हर्बल फसलें, मसाले एवं श्रीअन्न उत्पादन किया जाएगा, जिससे रोजगार, आय वृद्धि और पर्यावरण संरक्षण एक साथ संभव होगा। यात्रा दल के प्रमुख रमेश भाई ने इस पहल को विनोबा भावे के भूदान आंदोलन की समकालीन पुनर्व्याख्या बताया। उन्होंने कहा कि कोंडागांव का यह मॉडल देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है और कृषि समस्याओं का समग्र समाधान प्रस्तुत करता है। यात्रा दल ने मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म का भ्रमण कर बहुस्तरीय जैविक खेती, नेचुरल ग्रीनहाउस और काली मिर्च उत्पादन का अवलोकन किया।

उनके लिए विशेष आकर्षण 70–80 फीट ऊंची काली मिर्च की बेलें, ऑस्ट्रेलियन टीक के साथ मिश्रित खेती हल्दी, सफेद मूसली, स्टीविया जैसी फसलें रही। दल ने घोषणा की कि इस मॉडल को विनोबा भावे के आश्रमों पवनार सहित में लागू किया जाएगा। डॉ. त्रिपाठी ने इसमें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस पहल से प्रभावित होकर विभिन्न राज्यों से आए विशेषज्ञों ने मां दंतेश्वरी हर्बल समूह की सदस्यता ग्रहण की।

**सामाजिक सहभागिता से बना ऐतिहासिक पड़ाव**

कार्यक्रम में समाजसेवी भूपेश तिवारी, दसमति नेताम, अनुराग कुमार, शंकर नाग, कृष्णा नेताम सहित अनेक लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान विनोबा भावे के भजनों और पुस्तकों ने आयोजन को भावनात्मक ऊंचाई भी प्रदान की। कोंडागांव से शुरू हुई यह पहल न केवल भूदान आंदोलन को नई दिशा दे रही है, बल्कि बस्तर के आदिवासी समाज के लिए आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन की नई राह भी खोल रही है।

# ऑनलाइन रिकॉर्ड को करें अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने राजस्व विभाग द्वारा किए जा रहे पुराने अभिलेखों के डिजिटलीकरण कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान खसरा–खतौनी के डिजिटलीकरण, ऑनलाइन रिकॉर्ड अपडेट और खसरा मानचित्रों के लेमिनेशन कार्यों का जायजा लिया गया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। राजस्व अभिलेखों को डिजिटल स्वरूप में सुरक्षित कर ऑनलाइन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को जानकारी आसानी से मिल सकेगी। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर वहीदुर्रहमान, डिप्टी कलेक्टर किशोर शर्मा, अधीक्षक भू अभिलेख सुश्री सुषमा मंडावी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




## पेज 9 के शेष

**जलभराव से राहत ....**

कार्य नहीं,बल्कि शहर को व्यवस्थित और विकसित बनाने की दिशा में ठोस पहल है। विकास कार्यों के लिए संसाधनों की कमी नहीं आने दी जाएगी और हर वार्ड में आवश्यक सुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित किया जाएगा। निगम स्तर पर भी इन कार्यों को लेकर सकारात्मक माहौल देखा गया, जहां यह स्पष्ट किया गया कि जनता की मांगों के अनुरूप योजनाओं को प्राथमिकता देकर तेजी से अमल में लाया जा रहा है। शहर के विभिन्न वार्डों में लंबे समय से लंबित मांगों को अब योजनाबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है, जिससे नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और वार्डवासियों की मौजूदगी में विधिवत भूमिपूजन सम्पन्न हुआ।

**पत्नी को नहीं ....**

जगदलपुर है जो 2 दिन पहले बच्चे को लेकर अपने मायके जगदलपुर आ गई थी। युवक अपनी पत्नी को मनाने के लिए यहां पहुंचा लेकिन बात नहीं बनी तब वह परेशान होकर आत्महत्या करने मोबाइल टावर पर चढ़ गया।

**मनमानी फीस, किताब ....**

को भी बच्चों के भविष्य और सुरक्षा के लिए खतरनाक बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। संगठन ने प्रशासन से स्कूल फीस का ऑडिट, एनसीईआरटी किताबों की अनिवार्यता, असुरक्षित वाहनों की जब्ती और अवैध प्ले स्कूलों पर सख्त कार्रवाई की मांग रखी है। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सिंह बिसेन ने शिक्षा के नाम पर चल रही इस व्यवस्था को 'संगठित लूट' बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की, वहीं जिलाध्यक्ष विशाल खंबारी ने चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई नहीं होने पर उग्र और चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

मुद्दे से आंदोलन तक पूरा घटनाक्रम : जिले में निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूली, किताबों के एकाधिकार और परिवहन में लापरवाही की शिकायतें लंबे समय से सामने आ रही थीं, जिनसे अभिभावकों में आक्रोश बढ़ता गया। इसी के चलते एनएसयूआई ने संगठित रूप से इन समस्याओं को उठाते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संयुक्त शुल्क के नाम पर अवैध वसूली, किताब माफियाओं की सांठगांठ, स्कूली वाहनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और बिना मान्यता संचालित प्ले स्कूलों पर कार्रवाई की मांग की गई। संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो छात्र-हित और अभिभावकों की सुरक्षा को लेकर व्यापक और उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा।

**7 चट्टा अवैध ...**

(वनोपज) नियम 2001 की सुसंगत धाराओं के तहत जप्त कर लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी करपावंड ने जब्त वाहन और सामग्री को राजसात करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसकी विधिवत सूचना प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमंडलाधिकारी बस्तर को प्रेषित कर दी गई है।

**कुत्तो का स्कूली ....**

नियंत्रण के लिए शेल्टर हाउस व्यवस्था बहाल किया जाना है। खासकर हर जिला,ब्लॉक व पंचायत मुख्यालय में शेल्टर हाउस स्थापित करना है। लेकिन जगदलपुर नगर निगम क्षेत्र में अब तक आवारा श्वानों का बधियाकरण नही किया गया। कोर्ट के आदेश का पालन कागजों तक सीमित नजर आ रहा है। वही छह माह बीतने के बावजूद शहर में एक भी शेल्टर हाउस अस्तित्व में नहीं आया। दो वर्ष पूर्व पूर्व नगर सरकार के कार्यकाल में हैदराबाद की एक कंपनी से 450 श्वानों की नसबंदी कराई गई थी। किंतु वर्तमान नगर सरकार के एक वर्ष से अधिक कार्यकाल में न तो बधियाकरण अभियान चला न ही श्वानों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण की कोई ठोस पहल दिखी। परिणामस्वरूप शहर में आवारा श्वानों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और नागरिकों में आक्रोश गहराता जा रहा है।

**आदेश, प्रस्ताव और इंतजार की लंबी कहानी:** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद स्थानीय स्तर पर कार्ययोजना बनाने की अपेक्षा थी, पर छह माह गुजरने के बाद भी जमीन पर निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ। पूर्व कार्यकाल में 450 श्वानों की नसबंदी के बाद अभियान थम गया। नई नगर सरकार के एक वर्ष से अधिक समय बीतने पर भी न नियमित बधियाकरण शुरू हुआ,अब 25 लाख रुपये के प्रस्ताव के स्वीकृत होने की प्रतीक्षा है,जबकि शहर में हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और नागरिक सुरक्षा की मांग तेज होती जा रही है।

## मां संगीता के मार्गदर्शन में साधकों ने ध्यान की विधियां सीखीं

# तीन दिवसीय ओशो ध्यान शिविर का ध्यानमय समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में आयोजित तीन दिवसीय ओशो ध्यान शिविर का 5 अप्रैल की शाम को शांत एवं आध्यात्मिक वातावरण में समापन हुआ। मर्दापाल रोड स्थित आसमती होटल परिसर में आयोजित इस शिविर में जिले सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को ओशो द्वारा बताए गए विभिन्न ध्यान विधियों डायनमिक, कुंडलिनी और नाद ब्रह्म ध्यान का अभ्यास कराया गया। तीन दिनों तक चले इस साधना कार्यक्रम में ध्यानी लगातार ध्यान के माध्यम से आत्मिक शांति और आंतरिक संतुलन का अनुभव करते रहे। शिविर का संचालन गुजरात से आईं मां संगीता ने किया। उन्होंने बेहद सरल, सहज और प्रेमपूर्ण शैली में ओशो की ध्यान विधियों को समझाया। साथ ही उन्होंने ओशो के साथ बिताए अपने अनुभवों को साझा करते हुए साधकों को ध्यान की गहराई से जोड़ने का प्रयास किया। शिविर का प्रमुख केंद्र डायनमिक ध्यान रहा, जिसे मां संगीता ने पूरी तरह वैज्ञानिक बताते हुए कहा कि नियमित अभ्यास से मानसिक तनाव, चिंता और कई शारीरिक बीमारियों से मुक्ति मिलती है तथा जीवन में गहरी शांति का अनुभव होता है।





**प्रदेशभर से पहुंचे लोगों ने लिया भाग**

ध्यान शिविर में कोंडागांव, जगदलपुर, दुर्ग, भिलाई सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ध्यानी शामिल हुए। युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जिन्होंने ध्यान के प्रति गहरी रुचि दिखाई। ओशो मित्र मंडल कोंडागांव के अथक प्रयासों से आयोजित इस शिविर ने प्रतिभागियों को मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और जीवन को नई दिशा देने का अवसर प्रदान किया।

**आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ समापन**

समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने ध्यान साधना के अनुभव साझा किए और भविष्य में भी नियमित ध्यान करने का संकल्प लिया। तीन दिवसीय यह ओशो ध्यान शिविर कोंडागांव में आध्यात्मिक जागरूकता और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति एक नई चेतना जगाने में सफल रहा।

## खबर संक्षेप

### गांव चलो बस्ती चलो अभियान का शुभारंभ



**बीजापुर।** भैरमगढ़ ब्लॉक के दूरस्थ एवं अति संवेदनशील क्षेत्र ग्राम पंचायत टिंडोड़ी के विभिन्न गांवों में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर गांव चलो बस्ती चलो अभियान का शुभारंभ छत्तीसगढ़ भाजपा उपाध्यक्ष जी. वेंकटेश्वर उपस्थिति में किया गया।
यह जन चौपाल आधारित अभियान ग्राम टिंडोड़ी, धुसावाड़ा एवं करेमरका सहित आसपास के गांवों में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के साथ-साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री बलदेव उरसा, मंडल अध्यक्ष चिन्नाराम तेलम, वरिष्ठ भाजपा नेता अनु ठाकुर, मुन्नूराम लेकम सहित अनेक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### धनसिंग बने भाजपा अजा मोर्चा के जिला प्रभारी

**बचेली।** भारतीय जनता पार्टी अजा मोर्चा छत्तीसगढ़ में



संगठात्मक विस्तार के महत्वपूर्ण नियक्तियां की गई हैं। इसी क्रम में बचेली नगरीय क्षेत्र के युवा 4 बार के भाजपा पार्षद धनसिंग नाग को भारतीय जनता पार्टी अनु जाति मोर्चा बस्तर जिला का जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

### बेरीकेट में रेडियम लगाया



**भानपुरी।** भानपुरी चौक में बेरीकेट में रेडियम लगाते हुए पुलिस जवान।

## संघर्ष से सफलता की ओर बढ़ते बस्तर के बदलते स्वरूप की पहचान बना मिनपा

# अब छंटने लगा लाल आतंक का अंधियारा

लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा

विकास की यह नई बयार ग्रामीणों के जिला प्रशासन के प्रति बढ़ते विश्वास का परिणाम है। हमारा मुख्य उद्देश्य नक्सलवाद के खात्मे के साथ दूरस्थ क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। आज मिनपा में स्कूल, बिजली, राशन और स्वास्थ्य सुविधाओं का सुलभ होना इस बात का प्रमाण है कि विकास अब अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उक्त बातें

■ नक्सल प्रभाव खत्म, बंदूक की जगह अब खेती और खुशहाली

कलेक्टर अमित कुमार ने कही।

वर्षों से नक्सलवाद का दंश झेल रहे मिनपा क्षेत्र में अब जिला प्रशासन विकास के नये आयाम रचने लगा है। 17 जवानों की शहादत की भूमि अब विकास की कहानी लिख रही हैं। इसी मिनपा ग्राम में अब डिजिटल के माध्यम से नई क्रांति लाई जा रही है।

कभी नक्सलवाद का गढ़ और संघर्षों के लिए पहचाना जाने वाला सुकमा जिले का मिनपा गांव आज शांति और सुशासन की नई मिसाल पेश कर रहा है। मार्च 2020 की वह हृदयविदारक घटना, जिसमें 17 सुरक्षाकर्मियों ने अपनी शहादत दी थी, उस काले अध्याय को पीछे छोड़ते हुए मिनपा अब विकास की मुख्यधारा से जुड़कर 'आत्मनिर्भरता' की ओर कदम बढ़ा चुका है। अतीत में ग्रामीणों को छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए 'चिंतागुफा' या 'दोरनापाल' जैसे दूर-दराज के इलाकों पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन आज गांव में ही उपस्वास्थ्य केंद्र स्थापित हो चुका है, जहाँ ग्रामीणों को निःशुल्क दवाएं और त्वरित उपचार मिल रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में बाइक एंबुलेंस की सुविधा दी जा रही है जो दूरस्थ पहुँचविहीन गांवों से मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र लाने का कार्य करती है।

प्रशासन की सक्रियता से अब ग्रामीणों को शासकीय दस्तावेजों के लिए शहर की दौड़ नहीं लगानी पड़ती। गांव में ही आधार कार्ड अपडेट, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और वोटर आईडी जैसी ऑनलाइन सुविधाएं सुलभ करा दी गई हैं।

### मिनपा में लौट रही खुशियां, अब गांव में स्वास्थ्य, शिक्षा और रोशनी



### शिक्षा और पोषण के साथ कालाबाजारी से मिली मुक्ति

मिनपा में अब स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र पूरी जीवंतता के साथ संचालित हैं। बच्चों के हाथों में अब किताब और कलम है, जो एक सुरक्षित और शिक्षित भविष्य की नींव रख रहे हैं। गांव में निर्मित नए पीडीएस भवन से हर माह नियमित राशन वितरण सुनिश्चित हो रहा है। वहीं, बिजली के खंभों ने गांव के अंधेरे को दूर कर दिया है। घर-घर बिजली पहुंचाने का कार्य अब अंतिम चरण में है, जिससे गांव की रातें भी अब रोशन हैं।

### सुक्का के जीवन में आया बदलाव

मिनपा निवासी माड़वी सुक्का पिता भीमा को शासन द्वारा 2 हेक्टेयर रकबे का वनाधिकार पत्र प्रदान किया गया है, जिससे उन्हें अपने कब्जे की वन भूमि पर मालिकाना हक मिला। वनाधिकार पट्टे की भूमि पर माड़वी सुक्का ने धान की खेती कर आय बढ़ाई और छत्तीसगढ़ शासन की समर्थन मूल्य धान खरीदी योजना के तहत धान बेचकर प्राप्त राशि से ट्रैक्टर की किश्त चुकाई। साथ ही उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्का मकान निर्माण की स्वीकृति मिली है और उनका आवास निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त उनके आधार कार्ड, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड और पैन कार्ड भी बन चुके हैं, जिससे उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है।

### प्रशासनिक संकल्प से बदली तस्वीर

नक्सलवाद के कारण थमा हुआ विकास अब वनाधिकार पट्टा, समर्थन मूल्य में धान खरीदी और 'पीएम आवास' जैसी योजनाओं के माध्यम से धरातल पर दिखाई दे रहा है। शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन ने ग्रामीणों के मन से भय को समाप्त कर विश्वास का संचार किया है। शासन का लक्ष्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। मिनपा गांव आज केवल एक भौगोलिक स्थान नहीं, बल्कि संघर्ष से सफलता की ओर बढ़ते बस्तर के बदलते स्वरूप की पहचान बन गया है।

### सरकार की मंशानुरूप हो रहे हैं कार्यः कलेक्टर

कलेक्टर अमित कुमार ने बताया कि मिनपा गांव में विकास की यह नई बयार ग्रामीणों के जिला प्रशासन के प्रति बढ़ते विश्वास का परिणाम है। हमारा मुख्य उद्देश्य नक्सलवाद के खात्मे के साथ दूरस्थ क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। आज मिनपा में स्कूल, बिजली, राशन और स्वास्थ्य सुविधाओं का सुलभ होना इस बात का प्रमाण है कि विकास अब अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है। हम मिनपा की तरह जिले के हर अंदरूनी गांव को मुख्यधारा से जोड़ने और वहां के युवाओं को बेहतर भविष्य देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर उठने लगे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

नगर पंचायत बारसूर के विभिन्न वार्डों में कराए गए निर्माण कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। आरोप है कि करीब 20 लाख रुपए की लागत से बनी सीसी सड़क से लेकर सार्वजनिक शौचालयों तक में गुणवत्ता से समझौता किया गया है जिसके चलते कई नवनिर्माण एक वर्ष के भीतर ही उखड़ने

■ शौचालय स्वीकृत पर मानक के अनुसार नहीं

लगे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि वार्ड नंबर 10 में बने सीसी सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि हलके वाहनों की आवाजाही का बोझ भी नहीं उठा पा रहे हैं और इसकी परतें उखड़ रही हैं। इतना ही नहीं, इस सीसी सड़क पर बने दो छोटे पुल भी जर्जर स्थिति में पहुंच गए है और ढहने की कगार पर है। आरोप लगाया गया है कि नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी द्वारा अपने चहेते ठेकेदारों को टेंडर दिया जाता है। साथ ही खराब कार्य करने वाले ठेकेदारों को



ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई भी नहीं की जा रही। इसी कड़ी में जवाहर नवोदय विद्यालय में शौचालय निर्माण को लेकर भी सवाल खड़े हुए हैं। आरोप है कि छोटे ईंटों से निर्माण होना था, लेकिन ठेकेदार ने बड़े ईंटों का उपयोग कर दिया, जिससे निर्माण गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

### कांग्रेसी पार्षदों का आरोप

कांग्रेस के दो युवा पार्षदों मोहित नाग और निर्मल पुजारी ने खुलकर नगर पंचायत के निर्माण कार्यों की जांच की मांग की है। उनका कहना है कि ख़राब गुणवत्ता को लेकर ठेकेदार से बात करने पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा। ऐसे खराब कार्य करने वाले ठेकेदारों की जांच कर ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई किया जाना चाहिए। क्योंकि भविष्य में बड़े हादसे हो सकते हैं और जनता की गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग होगा। स्थानीय नागरिकों ने भी इन निर्माण कार्यों की निष्पक्ष तकनीकी जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### नोटिस दिया गया

सीसी सड़क का टेंडर एमआर कंस्ट्रक्शन को दिया था ,जो पहला पेमेंट निकलता है ओ एमआर कंस्ट्रक्शन को कर दिया गया है और ठेकेदार को नोटिस देकर पेमेंट रोक दिया गया है। साथ ही जवाहर नवोदय विद्यालय में बन रही शौचालय निर्माण वाले मामले में ठेकेदार को नोटिस भेज दिया गया है।

-गिरीश तिवारी,
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
नगर पंचायत बारसूर

## इंस्टाग्राम रील से फंसा शिकारी वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम।

इंस्टाग्राम पर वायरल वन्य जीव को शिकार करने की एक वायरल रील के आधार पर वन विभाग द्वारा आरोपी को ट्रैक कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी द्वारा अनुसूची-1 के अंतर्गत संरक्षित इंडियन जायंट सक्विरेल का शिकार कर वीडियो अपलोड किया गया था। राज्य एंटी पोचिंग टीम के सहयोग से दंतेवाड़ा एवं गीदम रेंज की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार को आरोपी के घर दबिश दी गई, जहां से 9 गिलहरियों के अवशेष, एक



भालू की खाल एवं शिकार के फंदे बरामद किए गए। आरोपी के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। मुख्य वन संरक्षक आलोक तिवारी के मार्गदर्शन एवं वनमंडलाधिकारी रंगनाधा रामाकृष्णा वाय के निर्देशन में जिले में वन्यजीव अपराध, अवैध शिकार एवं लकड़ी तस्करी के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। नवपदस्थ दंतेवाड़ा एवं गीदम रेंजर के नेतृत्व में जिले में वन एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर अभियान तेज किया गया है। वनमंडलाधिकारी रंगनाधा रामाकृष्णा वाय ने कहा कि वन्यजीवों के शिकार में लिप्त किसी को बख्शा नहीं जाएगा तथा सभी से अपील की कि शिकार से दूर रहकर वन संरक्षण में सहयोग करें।

## महिला कांग्रेस ने डीपीओ का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) वरुण नागेश पर उन्हीं के विभाग में कार्यरत महिला कर्मचारियों द्वारा अश्लील व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पहले महिला कांग्रेस की जांच टीम द्वारा सखी सेंटर एवं विभाग में पहुंच सभी कर्मचारियों के बयान दर्ज कर कलेक्टर से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग रखी थी। आज महिला कांग्रेस द्वारा तुलिका कर्मा के नेतृत्व में डीपीओ वरुण नागेश का पुतला दहन किया गया। इस दौरान तुलिका कर्मा ने कहा कि यह मामला केवल एक अधिकारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे महिला समाज के सम्मान से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी महिला कर्मचारी के साथ अन्याय होता है, तो महिला कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और हर स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई तो महिला कांग्रेस द्वारा कलेक्ट्रेट



घेराव किया जाएगा। वहीं महिला शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने कहा कि सरकारी दफ्तरों में कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि जांच प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो और इसमें किसी भी प्रकार का दबाव या पक्षपात न हो। साथ ही दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी को तत्काल पद से हटाकर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुतला दहन के दौरान महिला कांग्रेस एवं पुलिस की हल्की झूमा झटकी भी हुई पर जूतों से सजे वरुण नागेश का पुतला दहन करने में महिला कांग्रेस सफल रही।

# बस्तर के विकास को मिली नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



रायपुर और जगदलपुर के बीच हवाई सेवा का प्रारंभ होना बस्तर क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इस सेवा के शुरू होने से पूरे बस्तर संभाग में उत्साह का माहौल है।

इस अवसर पर बीआर बालाजी एलएलपी, महिंद्रा परिवार एवं कपूर परिवार की ओर से बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स, सभी राजनीतिक दलों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया है, जिन्होंने लगातार प्रयास कर रायपुर–जगदलपुर हवाई सेवा को पुनः प्रारंभ कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

लंबे समय से क्षेत्र के लोग रायपुर से बेहतर और तेज कनेक्टिविटी की मांग कर रहे थे। अब हवाई सेवा शुरू होने से रायपुर और जगदलपुर के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा, जिससे व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। हवाई सेवा शुरू होने से व्यापारियों और उद्यमियों को रायपुर जैसे बड़े शहर से सीधा संपर्क स्थापित करने में सुविधा होगी, जिससे बस्तर क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता, जलप्रपात, घने वन क्षेत्र और समृद्ध आदिवासी संस्कृति को देखने के लिए देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि होने की संभावना है। स्वास्थ्य सेवाओं के दृष्टिकोण से भी यह सुविधा महत्वपूर्ण साबित होगी। विद्यार्थियों और प्रशासनिक कार्यों के लिए भी यह कनेक्टिविटी काफी उपयोगी साबित होगी।

बीआर बालाजी एलएलपी एवं कपूर परिवार ने आशा व्यक्त की है कि भविष्य में इस हवाई सेवा का और अधिक विस्तार होगा तथा इसे नियमित रूप से संचालित किया जाएगा, जिससे बस्तर क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी और क्षेत्र को मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी।

# मेला व कबड्डी स्पर्धा में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित चैत्र मेला, जात्रा एवं खेलकूद कार्यक्रमों में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने सहभागिता कर ग्रामीणों के साथ जुड़कर उनकी खुशियों में भागीदारी निभाई। इस दौरान उन्होंने देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

■ कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया

गत दिवस ग्राम पंचायत खोरखोसा के आश्रित पारा सोरागुड़ा में वरिष्ठ कार्यकर्ता महादेव बघेल के निवास में आयोजित जात्रा कार्यक्रम में विधायक पहुंचे, जहां उन्होंने देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के कल्याण की प्रार्थना की इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इसके पश्चात चैत्र मेला कौड़ावंड पहुंचने पर ग्राम के माता पुजारी, माता-बहनों एवं ग्रामीणों द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। स्वागत उपरांत उन्होंने माता हिंगलाजिन के प्रमुख पुजारी के सानिध्य में माता गंगादई की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। ग्राम पंचायत तुंगापाल में आयोजित चैत्र



मेला के अवसर पर जलनी माता की पूजा-अर्चना कर विधायक ने कबड्डी फाइनल मैच का शुभारंभ किया। फाइनल मुकाबला बालोद एवं कौड़ावंड के मध्य खेला गया, जिसमें दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। मैच के दौरान बालोद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल का रुख अपने पक्ष में कर लिया और 52-20 के अंतर से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया।

इस कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया, जिसमें बालोद प्रथम, कौड़ावंड द्वितीय, जमावाड़ा तृतीय एवं तुंगापाल चतुर्थ स्थान पर रहे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई, जिससे ग्रामीण खेलों के प्रति लोगों में बढ़ती रुचि स्पष्ट रूप से दिखाई दी। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि उन्हें यह जानकर अत्यंत खुशी हो रही है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लुप्त होती खेल परंपराओं को युवा खिलाड़ियों द्वारा पुनर्जीवित किया जा रहा है उन्होंने कहा कि बस्तर जैसे दूरस्थ अंचल में अब अन्य जिलों से भी खिलाड़ी भाग लेने पहुंच रहे हैं, जो इस क्षेत्र के लिए गर्व की बात है विजेता टीम बालोद के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी वे इस प्रकार के आयोजनों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर महादेव बघेल, पूरन सिंह ठाकुर, सोनसाय कश्यप, आदिवासी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दुर्जन कश्यप, सरपंच नीलम कश्यप, सरपंच लैखन कश्यप, यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष मजहर खान, उप सरपंच मनुराम कश्यप, तुलसीराम कश्यप, कमलोचन कश्यप सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर हॉस्टल संपर्क अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के गौरवशाली अवसर पर संगठन के निर्देशानुसार हॉस्टल संपर्क अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में बचेली स्थित पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास हाई स्कूल में छात्र एवं युवा वर्ग के बीच एक संपर्क एवं संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ।

यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला महामंत्री सत्यजीत चौहान तथा मुन्ना मरकाम, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल असरानी एवं बचेली मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती के आदेशानुसार आयोजित किया गया।

### प्रभारी एवं वक्ताओं का संबोधन

कार्यक्रम का कुशल संचालन और प्रभार युवा मोर्चा जिला मंत्री नरेश चौहान ने संभाला, वहीं भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री शिप्रा बिस्वास सहप्रभारी के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मंडल कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल थे, जिन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए स्थापना दिवस के महत्व और संगठन की रीति-नीति पर प्रकाश डाला।

### कार्यकर्ताओं की रही उपस्थिति

युवाओं को संगठन से जोड़ने के इस अभियान में युवा मोर्चा अध्यक्ष अरनब चक्रवर्ती, महामंत्री संस्कार साहू एवं रागिनी दुबे ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर युवा मोर्चा के साथी रवि स्वामी, नैना बेडता, शौर्य सिंह, अमित सूर्य सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और छात्रावास के छात्र उपस्थित रहे। आयोजन के अंत में प्रभारी नरेश चौहान ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं और छात्र वर्ग का हृदय से आभार व्यक्त किया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सुकमा जिला सुकमा (छ.ग.)**
क्रमांक/466/प्र.1/अ.वि.अ. (रा.)/2025
सुकमा, दिनांक 06/04/2026

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र टावरी पिता श्री किशन टावरी, निवासी-माहेश्वरी पारा सुकमा, तहसील सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर नगर सुकमा, रा.नि.मं. सुकमा में स्थित उनके स्वामित्व हक की हेतु भूमि भूमि खसरा नंबर 993/39 रकबा 0.0110 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तित करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उपरोक्त के संबंध में किसी व्यक्ति या शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था को यदि कोई आपत्ति हो तो आपत्ति का स्पष्ट कारणों का उल्लेख करते हुए अभ्यावेदन/ आपत्ति स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 16/04/2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 06/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सुकमा, जिला-सुकमा

**न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला - बस्तर (छ.ग.)**
रा.प्र. क्रं. / 202603151000045/ब-121/2025-26

**// ईश्तहार//**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक दशमू कश्यप पिता बलराम कश्यप जाति माड़िया ग्राम छोटेगुमियापाल तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में शासकीय कार्य हेतु आवेदक अपने स्वंय का जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यह कि आवेदक अपने स्वंय दशमू कश्यप पिता बलराम कश्यप का जन्म दिनांक 10.06.2007 को दर्शाया गया है।
जिसकी पेशी तिथि 16/04/2026 को नियत किया गया है, वह उद्घोषणा ग्राम पंचायत छोटेगुमियापाल के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है, तो यह उद्घोषणा जारी नियत तिथि के भीतर इस कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
जारी दिनांक 03/04/2026

(मुहर) तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर

## विद्यालय शिक्षा केंद्र के साथ प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

पीएम श्री प्राथमिक शाला गुमियापाल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं ट्राइबल प्रदर्शनी में बच्चों ने अपनी प्रतिभा की शानदार प्रस्तुति दी।

वेष-भूषा, पारंपरिक नृत्य और जनजातीय खान-पान की झलक ने कार्यक्रम को अत्यंत आकर्षक और जीवंत बना दिया। बच्चों के उत्साह, आत्मविश्वास और रचनात्मकता ने यह सिद्ध किया कि विद्यालय केवल



शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच भी है। ऐसे आयोजन बच्चों की सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव बढ़ाने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई डॉ. बसंत कश्यप द्वारा दी गई। इस अवसर पर डॉ. बसंत कश्यप उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा सहित जनपद सदस्य, कलम सिंह, मनीष पोयम, धनी सेठिया, लखीधर सेठिया, संवेद्र सेठिया, सरपंच पोदये, पंच, समस्त ग्रामवासी, एबीओ हरेंद्र ठाकुर, लच्छिन नाग, सत्य नारायण पटेल, स्कूल प्रधानाचार्य, आश्रम अधीक्षक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### इनामी राशि में 30 प्रतिशत कटौती पर कांग्रेस का हमला

**जगदलपुर।** बस्तर हैरिटेज मैराथन के विजेता खिलाड़ियों की इनामी राशि में जीएसटी के नाम पर की गई कटौती को लेकर अब सियासी माहौल गरमा गया है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि महिला एवं पुरुष वर्ग के विजेताओं को घोषित पुरस्कार राशि में से 10,000 रुपये से अधिक राशि पर लगभग 30 प्रतिशत की कटौती कर भुगतान किया गया, जो खिलाड़ियों के साथ अन्याय है। उदाहरण स्वरूप बस्तर की धाविका कुसुम शार्दुल को घोषित 1,50,000 रुपये की राशि के स्थान पर केवल 1,05,000 रुपये दिए गए। इसी प्रकार 100 से अधिक खिलाड़ियों की राशि में कटौती की गई, जिससे नाराजगी बढ़ गई है। कांग्रेस का आरोप है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान के साथ खिलवाड़ हुआ है, जिससे प्रदेश की छवि भी प्रभावित हो सकती है। मामले को और गंभीर बनाते हुए 42 किमी मैराथन में धांधली के आरोप भी सामने आए हैं। बताया गया कि कुछ प्रतिभागियों ने कथित रूप से सरकारी वाहन की सहायता लेकर दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया, जिसकी शिकायत और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर प्रशासन ने उन्हें विजेता सूची से बाहर कर दिया। हालांकि, संबंधित वाहन चालक पर अब तक कार्रवाई नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने आयोजन की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर भी संदेह पैदा कर दिया है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने भाजपा नेताओं से खिलाड़ियों के अपमान पर माफी मांगने और सात दिन के भीतर पूरी इनामी राशि देने की मांग की है, अन्यथा जिला पंचायत जगदलपुर का घेराव करने की चेतावनी दी है।

### धूमा में मानसगान स्पर्धा 10 से

**सिर्री।** ग्राम धूमा में श्रीराम मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मानसगान एवं संगीत कला प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 12 अप्रैल तक रखा गया है। शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि लक्ष्मी दम्मानी शामिल होंगे। आयोजन में छग की ख्यातिप्राप्त लगभग 24 मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। समापन दिवस के मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर होंगे। आयोजन की तैयारी में भुनेश्वर साहू पूर्व सरपंच, केवल साहू, चमन साहू, ओंकार साहू, मोहनलाल, दिलीप, चुमन साहू, नरेश कुमार समेत अनेक ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

# सम्मेलन में उठीं पेंशनरों की प्रमुख मांगें, सरकार से शीघ्र समाधान की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग का बहुप्रतीक्षित संभागीय सम्मेलन एवं कार्यालय भवन लोकार्पण कार्यक्रम मंगलवार को उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और फीता काटकर नए कार्यालय भवन का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर महासंघ के पदाधिकारियों ने संगठन की उपलब्धियों और पेंशनरों के हित में किए जा रहे कार्यों को विस्तार से रखा। संभागीय अध्यक्ष ने बताया कि संगठन ने बस्तर के सातों जिलों में मजबूत पहचान बनाई है और सेवा निवृत्ति के दिन ही कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक पीपी वितरण जैसी पहल सराहनीय है।

सम्मेलन के दौरान पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। इसमें पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) समाप्त करने, महंगाई राहत लागू करने, पेंशनर कल्याण बोर्ड गठन,कैशलेस चिकित्सा सुविधा और वरिष्ठ नागरिकों को बस किराए में छूट जैसी मांगें शामिल रहीं। मुख्य अतिथि ने इन मांगों पर गंभीरता से विचार कर केंद्र स्तर तक मुद्दा उठाने का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में भवन में सीपेज समस्या के समाधान के लिए विधायक निधि से शेड निर्माण एवं परिसर में शौचालय निर्माण कराने की घोषणा भी की गई। सम्मेलन में बड़ी संख्या में पेंशनर और महिला सहभागिता ने आयोजन को विशेष बना दिया। अंत में दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। पेंशनर महासंघ के संभागीय अध्यक्ष आरएन टाटी के अनुसार सम्मेलन की सफलता में विशेष योगदान अब्दुल सत्तार खान,किशोर जाधव,शिव कुमार मिश्रा,एलएस नाग,एसडी माझी,सुरेश कुमार दलाई,एमडी राठौर,धरम सिंह मंडावी,अनिता राज,करमजीत कौर,जयमनी ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा।

**पेंशनरों का महासंगम, बस्तर में गूंजा हक और सम्मान का स्वर, नए भवन का लोकार्पण**



### मांगों से समाधान तक,पेंशनरों की आवाज़ बनी संगठित ताकत

सम्मेलन में क्रमबद्ध रूप से पेंशनरों की समस्याओं को रखा गया, जिसमें पुनर्गठन अधिनियम की जटिलताओं से लेकर महंगाई राहत,स्वास्थ्य सुविधाएं,कल्याण बोर्ड गठन और वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा रियायत जैसी मांगें प्रमुख रहीं,साथ ही संगठन की उपलब्धियों में सेवा निवृत्ति पर सम्मान समारोह, भवन निर्माण,लिफ्ट सुविधा जैसे प्रयासों को रेखांकित किया गया, वहीं बंद पड़ी लिफ्ट को शीघ्र चालू कराने और शासन स्तर पर ठोस पहल की मांग भी जोरदार तरीके से उठाई गई,इस पूरे आयोजन ने यह संदेश दिया कि संगठित प्रयासों से पेंशनरों की आवाज़ अब प्रभावी रूप से शासन तक पहुंच रही है और समाधान की दिशा में ठोस उम्मीद जगी है।

## बांबू राफ्टिंग व होम स्टे मॉडल ने बढ़ाया आकर्षण, ग्रामीणों की भूमिका अहम

# विश्व पर्यटन मानचित्र पर उभरा बस्तर का धुड़मारास गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले का छोटा सा गांव धुड़मारास अब वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित इस गांव को

- प्राकृतिक सौंदर्य,संस्कृति और रोमांचक पर्यटन के लिए अंतरराष्ट्रीय पहचान

संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन के "सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव उन्नयन कार्यक्रम" के लिए चयनित किया गया है, जिससे इसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और सुदृढ़ हुई है।

बुधवार को धुड़मारास पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने यहां के प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन करते हुए बांबू राफ्टिंग का आनंद लिया और होम स्टे व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों से संवाद कर पर्यटन गतिविधियों और सुविधाओं की जानकारी ली गई।





धुड़मारास की विशेषता इसकी समृद्ध जैव विविधता,हरियाली, पारंपरिक आदिवासी जीवनशैली और स्थानीय व्यंजन हैं, जो पर्यटकों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करते हैं। यहां के ग्रामीण अपने घरों को होम स्टे के रूप में विकसित कर रहे हैं और युवा पर्यटकों को आसपास के दर्शनीय स्थलों की सैर कराते हैं, जिससे रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

यह गांव दुनिया के 60 देशों से चयनित 20 गांवों में शामिल हुआ है, जिसे उसकी सांस्कृतिक विरासत,प्राकृतिक सौंदर्य और सतत पर्यटन विकास की क्षमता के आधार पर चुना गया है। इस उपलब्धि से न केवल गांव के पर्यटन ढांचे को मजबूती मिलेगी, बल्कि स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार होगा और बस्तर में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में वृद्धि की संभावना बढ़ेगी।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक समेत निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकदई कश्यप,उपाध्यक्ष हरि प्रसाद कश्यप, मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद,गागराराम,फूलसिंह सेठिया, सरपंच गेनबती बघेल,सुबाय नाग, पार्वती कश्यप,नुकुल ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### पर्यटन से बदल रही गांव की तस्वीर

धुड़मारास गांव में पर्यटन गतिविधियों के विस्तार से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिल रही है। होम स्टे, स्थानीय गाइड और पारंपरिक भोजन जैसी व्यवस्थाओं ने गांव को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने से यहां आधारभूत सुविधाओं का विकास तेज होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह मॉडल अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन सकता है, जहां स्थानीय संसाधनों और परंपराओं के संरक्षण के साथ विकास की नई राह तैयार की जा रही है।

# बीमारियों के लक्षण बचाव, उपचार पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर किंजोली में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के निर्देश एवं खंड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन, फाउंडेशन लेप्रा सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में

- किंजोली में मना विश्व स्वास्थ्य दिवस

विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रोग्राम को आर्डिनेटर नेत्रानंद साहू एवं प्रोग्राम इम्पीमेंट अधिकारी ईशा पांडेय एवं डॉ. महिपाल मुंडा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्रामीण समुदाय एवं छात्र-छात्राएं एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के कर्मचारी ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर प्रमुख सात बीमारियों जैसे कुष्ठ, क्षय, सिकलसेल, खुजली, मलेरिया, जापानी बुखार के बारे में जन समुदाय को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। विशेष रूप से इन बीमारियो के प्रारंभिक लक्षण बचाव के उपाय व्यक्तिगत स्वच्छता और समय पर उपचार के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान संवादात्मक चर्चा की आयोजित की गई, जिसमें ग्रामीणो की स्वास्थ्य संबंधी समस्या का समाधान किया गया और उन्हें सकारात्मक स्वास्थ्य व्यवहार अपनाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव स्तर पर स्वास्थ्य के प्रति लोगों की जागरुकता बढ़ाना एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित करना है। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर किंजोली प्रभारी निहाली जोशी, खिरवती रजक, मिनकेतन मांझी, नितानीन एवं ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा।

### स्वास्थ्य जांच योजना 14 से

इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी निहाली जोशी ने कहा 14 अप्रेल से स्वास्थ्य विभाग की सार्वभौमिक स्वास्थ्य जांच योजना शुरू होगी। इसमें प्रत्येक परिवार का आयुष्मान कार्ड बनाना व आई बनाना आवश्यक है, घर-घर स्वास्थ्य कर्मचारी जाकर समस्त स्वास्थ्य जांच एवं उपचार करेंगे जिसे जनभागीदारी की ग्रामीण जनों की सहयोग की अपेक्षा है।

# परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा 19 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा परिवहन विभाग के अन्तर्गत परिवहन आरक्षक के रिक्त पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन आगामी रविवार 19 अप्रैल को किया जा रहा है। बस्तर

- 21 केंद्रों में 5,720 अभ्यर्थी होंगे शामिल

जिले में इस परीक्षा के सफल संचालन हेतु कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहाँ पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 01:15 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी।

इस लिखित भर्ती परीक्षा के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं, जिसमें कुल 5,720 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिसके तहत परीक्षा केंद्र शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा में 360, झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 360, शासकीय दन्तेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में 360, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल क्र.-1 में 360, और शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 360, सेजेस शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल क्र.-2 में 360, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल धरमपुरा में 360, स्वामी विवेकानंद एक्सीलेंट स्कूल संजय मार्केट में 360, स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम स्कूल रेल्वे कालोनी में 300 और धरमु माहरा शासकीय महिला पॉलिटेक्निक में 240, शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय भगत सिंह पथरागुड़ा में 300, पोटानार में 300, बिलोरी में 240, आसना में 300, बोरपदर में 180, हाईस्कूल केवरामुण्डा में 120, घाटलोहंगा में 120, आड़ावाल में 240, कालीबाड़ी हाईस्कूल में 120, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में 240 और शासकीय आईटीआई में 140 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर से होगी जांच

अभ्यर्थियों के लिए दिशा-निर्देश जारी करते हुए प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उन्हें परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 2 घंटा पूर्व केंद्र पहुंचना होगा, क्योंकि मुख्य द्वार परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले, यानी सुबह 10:30 बजे अनिवार्य रूप से बंद कर दिया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के तहत प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर से गहन जांच की जाएगी। परीक्षार्थियों को अपने साथ इंटरनेट से प्राप्त साफ-सुथरा मूल प्रवेश पत्र और एक मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या पैन कार्ड लाना अनिवार्य है, पहचान पत्र न होने पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यदि प्रवेश पत्र पर फोटो स्पष्ट न हो, तो दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो साथ रखना आवश्यक है। ड्रेस कोड का पालन करते हुए अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े, टी-शर्ट और पैरों में चप्पल पहनकर आना होगा, जबकि जूते-मोजे, बेल्ट, घड़ी, चश्मा, स्कार्फ और किसी भी प्रकार के आभूषण जैसे बाली या झूमका पहनना पूरी तरह वर्जित है। परीक्षा हॉल में केवल काले या नीले बॉल पॉइंट पेन की ही अनुमति होगी।

# धुड़मारास में 'गांव चलो घर चलो' अभियान की शुरुआत, 13.64 लाख के कार्यों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस सप्ताह के तहत चलाए जा रहे "गांव चलो घर चलो" अभियान के अंतर्गत भाजपा

- प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही को कराया गृह प्रवेश

प्रदेशाध्यक्ष व स्थानीय विधायक किरण सिंहदेव दरभा ब्लॉक के ग्राम धुड़मारास में सघन जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान ग्रामीणों के बीच पहुंचकर जनप्रतिनिधियों ने घर-घर जाकर संवाद किया और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली।

ग्राम भ्रमण के दौरान देव ग्रामीणों के साथ बैठकर पारंपरिक भोजन का स्वाद लिया गया और सीधे संवाद के माध्यम से उनकी समस्याएं सुनी गईं। संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए गए। अभियान का मुख्य उद्देश्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और ग्रामीणों से सीधा जुड़ाव स्थापित करना रहा।





इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देवसिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत हितग्राही जलदेव कश्यप के नए आवास में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ गृह प्रवेश कराया गया। हितग्राही ने पक्का मकान मिलने पर खुशी जताते हुए बताया कि इससे उनके परिवार के जीवन स्तर में सुधार होगा।

कार्यक्रम के दौरान 13.64 लाख रुपए की लागत से प्राथमिक और माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का लोकार्पण भी किया गया। ग्रामीणों से चर्चा के दौरान यह जानकारी सामने आई कि क्षेत्र में आवास,महतारी वंदन,राशन, पेंशन और पेयजल जैसी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

अभियान के तहत यह संदेश दिया गया कि गांव,गरीब, किसान,महिला और युवाओं के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा लगातार योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ सुनिश्चित करना प्राथमिकता है।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी,जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकदई कश्यप, उपाध्यक्ष हरि प्रसाद कश्यप, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, संपत्ति नाग, मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, गागराराम नाग, फूलसिंह सेठिया, अनंत कश्यप, सरपंच गेनबती बघेल, नारायण,नकूल ठाकुर, मंगल दई, विष्णु कश्यप, दिनेश पांडे, सीईओ वीरेंद्र बहादुर सिंह, बीईओ जगदीश पात्र सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# लाल आतंक के सूर्यास्त के साथ सुकमा में उदय हुआ स्वास्थ्य सेवाओं का सूरज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के सुदूर अंचलों में कभी लाल आतंक की धमक से सहमे रहने वाले सुकमा जिले की तस्वीर अब पूरी तरह बदल चुकी है। दशकों पुराने संघर्ष और भय के बादलों को

- मेगा स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

चीरकर अब यहाँ विकास और खुशहाली की नई किरणें बिखर रही हैं। जिला प्रशासन सुकमा और बेंगलुरु के एनटीआर फाउंडेशन के साझा प्रयासों से आयोजित दो दिवसीय सुपर स्पेशलिटी मेगा स्वास्थ्य शिविर इस बात का जीवंत प्रमाण है कि अब सुकमा नक्सलवाद की बेड़ियों को तोड़कर स्वस्थ और सशक्त होने की राह पर निकल पड़ा है। मिनी स्टेडियम में पिछले दिनों हुए इस शिविर ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि जहाँ कभी गोलियों की गूँज थी, आज वहाँ सेवा और संकल्प के गीत गाए जा रहे हैं।





लाल आतंक की समाप्ति के इस दौर में जब क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बना है, तब प्रशासन की पहुँच अंतिम छोर के व्यक्ति तक आसान हुई है। प्रदेश के वन मंत्री एवं सुकमा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के द्वारा शुभारंभ पश्चात इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में उन संवेदनशील और अंदरूनी क्षेत्रों के 3,700 से अधिक ग्रामीण बेखौफ होकर पहुँचे, जो कभी मुख्यधारा से कटे हुए थे। कमिश्नर डोमन सिंह के निर्देशानुसार कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित उक्त मेगा स्वास्थ्य शिविर में कुल 6,500 से अधिक लाभार्थियों की उपस्थिति ने यह साबित कर दिया कि अब ग्रामीण बंदूकों के साये से निकलकर आधुनिक चिकित्सा और विशेषज्ञ परामर्श पर भरोसा जता रहे हैं। शिविर के दौरान 21 विशेषज्ञ डॉक्टरों और 40 स्वास्थ्य योद्धाओं की टीम ने इन वनवासियों के लिए देवदूत बनकर काम किया। शिविर में केवल सामान्य बीमारियों का ही नहीं, बल्कि कैंसर, हृदय रोग और न्यूरोलॉजी जैसी गंभीर समस्याओं का भी विशेषज्ञ उपचार किया गया। नक्सलवाद के दौर में स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहे बुजुर्गों के लिए 989 चश्मों का वितरण किया गया, जिससे उनकी धुंधली दुनिया एक बार फिर रोशनी से भर उठी। वहीं 1,500 बच्चों का व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण कर आने वाली पीढ़ी को कुपोषण और बीमारियों से मुक्त करने का संकल्प लिया गया। विशेष रूप से 85 महिलाओं की कैंसर स्क्रीनिंग और 2,300 आभा आईडी का निर्माण इस बात का प्रतीक है कि सुकमा अब डिजिटल स्वास्थ्य और सुरक्षा कवच से लैस हो रहा है।

लाल आतंक के खात्मे के बाद सुकमा का यह बदलाव पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल है। यह शिविर केवल एक चिकित्सकीय आयोजन नहीं था, बल्कि शासन-प्रशासन के प्रति जनता के अटूट विश्वास का उत्सव था। 153 आयुष्मान कार्डों का मौके पर निर्माण यह सुनिश्चित करता है कि अब सुदूर अंचल का गरीब से गरीब व्यक्ति भी पैसे के अभाव में इलाज से वंचित नहीं रहेगा।

